### क्षमता बढ़ी, देश में ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन अब पांच शहरों में किया जा रहा है

# यूपी ट्रेड शो: लखनऊ की ब्रह्मोस मिसाइल से दुश्मन ध्वस्त होंगे


■ उदय सिंह

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में ब्रह्मोस मिसाइल की प्रदर्शनी लगाई गई है। यहां पर लखनऊ में तीनों सेनाओं के लिए तैयार की जा रही मिसाइल की क्षमता और उपयोग की जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में बताया गया कि किस तरह ब्रह्मोस मिसाइल देश की सीमाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाती है। शनिवार को ट्रेड शो में बारिश के बावजूद लगभग डेढ़ लाख लोग आए।

**जल, थल और वायु सेना के लिए उपयोग :** प्रदर्शनी में ब्रह्मोस के तीनों सेनाओं में इस्तेमाल की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि समुद्र में युद्धपोत से मिसाइल कैसे लॉन्च की जाती है और निर्धारित लक्ष्य को कैसे भेदा जाता है। तीनों सेनाओं के अस्त्र-शस्त्र के साथ ब्रह्मोस मिसाइल को प्रदर्शित किया गया है। प्रदेश में गोला-बारूद के बाद अब सुपरसोनिक क्रूज ब्रह्मोस मिसाइलों का भी निर्माण किया जा रहा है।

**200 एकड़ में संयंत्र बना :** भारत-रूस संयुक्त रक्षा उपक्रम के तहत लखनऊ की सरोजनी नगर तहसील के भटगांव में 200 एकड़ में ब्रह्मोस का संयंत्र स्थापित किया गया है। देश में ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन अब पांच शहरों में किया जा रहा है। लखनऊ के अलावा हैदराबाद, नागपुर, पिलानी (राजस्थान) और तिरुवनंतपुरम में भी इसका उत्पादन हो रहा है। नाम न बताने के अनुरोध पर एक अधिकारी ने बताया कि मांग के अनुसार मिसाइल उत्पादन की क्षमता लगातार बढ़ाई जा रही है।

लखनऊ के संयंत्र में तैयार की जा रही ब्रह्मोस मिसाइल की मारक क्षमता 300 किलोमीटर है। इसकी खासियत है कि लॉन्च होने के बाद यह 90 डिग्री तक मुड़कर भी लक्ष्य को ध्वस्त कर सकती है।




ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को पहुंचे केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को प्रतीक चिह्न दिया गया। इस दौरान मौजूद यूपी के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और अन्य लोग।

## यूपी देश का अगला ग्रोथ इंजन बनेगा : जितिन

**ग्रेटर नोएडा।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्नोलॉजी और नवाचार के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यूपी देश का अगला ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। जितिन प्रसाद यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यूपी नई ऊंचाइयों को हासिल कर सकता है।

## कचरा प्रबंधन से स्वच्छ शहर बनेंगे : एके शर्मा

**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरों के स्वास्थ्य, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा विषय है। वह शनिवार को इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।



**कहा, नए उद्योग और रोजगार के अवसर पैदा हो सकेंगे**

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता जन आंदोलन बनी है। अब इसे वैज्ञानिक और आधुनिक प्रबंधन से मजबूत करने की जरूरत है। लखनऊ के शिवरी अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कचरे से सीबीजी, वेस्ट-टू-एनर्जी, बायोफ्यूल और रीसाइक्लिंग के जरिए नए उद्योग, कारोबार और रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं।